भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1252

**दिनांक 03 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**मसालाहब और बाजार की स्थापना**

1252.श्रीदुष्यंत सिंह:

क्या **वाणिज्य औरउद्योगमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क)सरकार द्वारा राजस्थान के झालावाड़-बारां क्षेत्र, जोलहसुन, धनिया, मेथी, कलौंजी और मिर्चजैसेप्रमुख मसालों के कृषि आधारित उत्पादन के लिए जाना जाता है, मेंमसाला हब और मसाला बाजारों की स्थापना कोबढ़ावा देनेके लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार मसालों के प्रसंस्करण, ग्रेडिंग, पीसने और पैकेजिंग के लिए मसाला हब विकसित करने के उद्देश्य से चल रही या प्रस्तावित किसी भी परियोजना का ब्यौरा प्रदान कराती है औरइनपरियोजनाओंसे स्थानीय किसानों केलिए मूल्य श्रृंखला और बाजार तक पहुंच में कितनी वृद्धि होगी;
(ग) झालावाड़-बारां क्षेत्र के भीतरढांचागतमसाला मंडियों के सृजन के लिए सरकार की रणनीति का ब्यौरा क्या है और किस प्रकार से बाजार किसानों को अपने उत्पाद सीधे बेचने के लिए मंच के रूप में कार्य करते हैं जिससे बेहतर मूल्यसुनिश्चितहोताहैऔर बिचौलियों द्वारा बाजारकेदोहन में कमी आती है; और
(घ) रोजगार सृजन और मूल्य संवर्धन तथा इस क्षेत्र में सतत् कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने सहित स्थानीय अर्थव्यवस्थापर इन पहलों के अनुमानित प्रभाव का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**<u>वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री</u>**
**(श्री पीयूष गोयल)**

(क) से (घ): कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने सूचित किया है कि मसाला हब विकसित करने काउसका कोई प्रस्ताव नहीं है । स्पाईसेस बोर्ड ने यह भी सूचित किया है कि झालावाड़-बारां क्षेत्र में उसकाकोई मसाला पार्क नहीं है।

******